गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक कर्नल डॉ. राजेश बहल जी को वेट मशीन भेंट करते विद्यार्थी

दिनांक : 07 सितम्बर, 2024 को गणेश चतुर्थी के शुभ मुहूर्त पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के एमएससी बॉयोटेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने नई पहल नया नवाचार करते हुए महंत दिग्विजय नाथ चिकित्सालय बालापार को स्वास्थ्य सेवा के लिए वेट मशीन भेट कर नए नवाचार का श्री गणेश किया ।

गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक कर्नल डॉ. राजेश बहल जी ने वेट मशीन ग्रहण किया। कर्नल डॉ. राजेश बहल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ सामाजिक दृष्टि से चिकित्सालय में मरीजों के हित में वेट मशीन भेट कर सभी को नई प्रेरणा दिया है। विद्यार्थी अपने जीवन में समाज सेवा, लोगो के दुख, दर्द और भावो के प्रति संवेदनशील दृष्टि का संकल्प लें।

प्रो. सुनील कुमार सिंह ने कहा की विद्यार्थियों द्वारा चिकित्सालय के मरीजों के हित में वजन नापने की मशीन भेट कर एक नए नवाचार की शुरुआत किया है। विद्यार्थी अपने जन्मदिन या महापुरुषों के दिवस पर रक्तदान कर सेवा भाव से मरीजों को स्वास्थ लाभ देने का पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। सभी संकायों के विद्यार्थियों ने समाज सेवा और मरीजों के हित में रक्त दान का संकल्प लिया। विभाग के एमएससी बॉयोटेक्नोलॉजी के प्रथम वर्ष की छात्रा तनु त्रिपाठी, नेहा गुप्ता, निकिता चौधरी, काजल, अनुष्का सिंह शालिनी सिंह, अंकित सिंह संजीव यादव, सलोनी यादव, सिद्धांत शर्मा, एकता सिंह, प्रवीण शर्मा, आकांक्षा मद्धेशिया, उजमा सेजल ने वेट मशीन भेंट किया।

आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना की आर्यभट्ट इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने दिग्विजयनाथ चिकित्सालय में मरीजों के हित में सेवा भाव का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. अमित दुबे, डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. प्रेरणा अदिति, डॉ. पवन कनौजिया, डॉ. कृति कुमार यादव, डॉ. अवैध नाथ सिंह, डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संकाय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहें।